अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में संभाग तृतीय के सभागार में दिनांक 24-03-2017 को कंप्यूटर विभाग के तत्वावधान में अंतर्महाविद्यालय पी० पी० टी० प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कंप्यूटर विभाग के विभागध्यक्ष डॉ० सचिन गर्ग द्वारा किया गया। पी० पी० टी० प्रस्तुत करने के लिए पांच से सात मिनट का समय दिया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, नोटबंदी, नारी सशक्तिकरण, सोशल नेटवर्किंग आदि विषयों पर अपने विचार पी० पी० टी० के माध्यम से प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की उप-प्रधानाचार्या श्रीमती कमल टंडन उपस्थित थीं। निर्णायक मंडल का कार्यभार डॉ० ऊषा चौधरी, डॉ० शिल्पा गोयल, श्रीमती नेहा गोयल के द्वारा संभाला गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मानसी (अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़),द्वितीय स्थान पर प्रवीण कुमार (डी० ए० वी० कॉलेज, फरीदाबाद), तृतीय स्थान पर निकिता गुप्ता (पं० जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय, फरीदाबाद) व निकिता कौशिक (अग्रवाल महाविद्यालय-संभाग द्वितीय, बल्लबगढ़) तथा सांत्वना पुरस्कार निकिता गोयल (के० एल० मेहता दयानंद कॉलेज, फरीदाबाद) रहे।

मंच का सञ्चालन श्रीमती तरुणा भाटिया द्वारा किया गया। अंत में श्रीमती पूजा गुप्ता द्वारा धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर विनीत नागपाल, मोहिनी वर्मा, रीना किंगर, प्रीति गोयल व कंप्यूटर विभाग के अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।